>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 3rd December, 2007.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 3rd of December, 2007 will consist of:

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.
2. Consideration and passing of Rajiv Gandhi Institute of Petroleum Technology Bill, 2007, as passed by Rajya Sabha.
3. Consideration and passing of the following Bills:

   (a) The Sixth Schedule to the Constitution (Amendment) Bill, 2007: and

   (b) The Constitution (One Hundred and Seventh Amendment) Bill, 2007.
4. Consideration and passing of the following Bills, after they are passed by Rajya Sabha:

   (a) The Indira Gandhi National Tribal University Bill, 2007;

   (b) The Armed Forces Tribunal Bill, 2005; and

   (c) The Constitution (Scheduled Tribes) (Union Territories) Order (Amendment) Bill, 2007.
5. Consideration and passing of the National Jute Board Bill, 2006.

MR. SPEAKER: Shri Shripad Yesso Naik - Not present.

Shri P.C. Thomas - Not present.

Shri Hansraj G. Ahir.

I must thank you for your very effective participation.

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) :** महोदय, मेरा यह अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को विचार हेतु सम्मिलित किया जाए:

1. देश के उत्तरी पूर्व राज्यों और गुजरात के भूकंप-प्रवण क्षेत्र भुज की तरह किसान आत्महत्या प्रभावित तथा अत्यधिक पिछड़े विदर्भ क्षेत्र के उद्योगों को सभी करों में छूट देने की आवश्यकता।
2. केन्द्र सरकार द्वारा विदर्भ की सिंचाई परियोजनाओं के प्रस्ताव भारी संख्या में लंबित हैं। अनुमान के अनुसार करीब 71 लंबित विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को तत्काल स्वीकृति देकर इसका शीघ्रातिशीघ्र निपटान कराने में केन्द्र सरकार के सहयोग की आवश्यकता।

SHRIMATI ARCHANA NAYAK (KENDRAPARA): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:

1. The need to bring a Bill to protect the social security of unorganized sector workers during the current session of Parliament.
2. The urgent need for setting up of an IIT in Orissa.

SHRI K. FRANCIS GEORGE (IDUKKI): Sir, the following may be included in the next week's agenda.

1. A discussion on the National Agriculture Policy announced by the hon. Agriculture Minister.
2. A discussion on the pending Kuwait war compensation claims of Indian nationals yet to be released by the UNCC.

**श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी):** महोदय, कृपया अगले सप्ताह की लोकसभा की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने की कृपा करें:

1. नन्दीग्राम रेल सेवा के नागपुर तक विस्तार एवं देवगिरी रेल सेवा का विस्तार सिकन्द्राबाद तक किए जाने के बाद परबनी के लोगों को इन रेल सेवाओं में काफी भीड़-भाड़ मिलती है और परबनी से मुम्बई के बीच कोई रेल सेवा वर्तमान समय में नहीं है, के लिए परबनी से मुम्बई के बीच दो नई रेल सेवा शुरू करने का कार्य।
2. मराठवाड़ा पिछड़े क्षेत्र के औद्योगिक विकास हेतु एवं उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु हजीरा मराठवाड़ा के बीच नई गैस पाइप डालने का कार्य।

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर):** महोदय, कृपया आगामी सप्तार की कार्यवाही में निम्न विषयों को सम्मिलित कर कृतार्थ करें:

1. राजस्थान में उत्पादित पेट्रोलियम उत्पादों से भारत सरकार को होने वाले सभी प्रकार से अर्जित पेट्रोलियम लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा राज्य का दिए जाने की आवश्यकता।

2. राजस्थान के लाखों व्यक्तियों की रोजी-रोटी का सहारा बनने वाले एक मात्र मार्बल उद्योग एवं उससे जुड़े लोगों को हो रही हानि से बचाने के लिए वाणिज्य मंत्रालय द्वारा कम मात्रा में विदेशों से मार्बल आयात किए जाने एवं कुछ ही सक्षम आयात करने वालों को ही पारदर्शी निर्देशिका बनाकर आयात लाइसेंस दिए जाने की आवश्यकता।

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** महोदय, निम्नलिखित विषयों को आगामी सप्ताह की कार्यवाही की सूची में शामिल करने का कष्ट करें:

1. इन्टरसिटी रेल सेवा का ठहराव किडीहिरपुर व नूनखार में लिच्छवी एक्सप्रेस का ठहराव, लार रोड पर कृषक रेल सेवा का ठहराव, नूनखार में पूर्व की भांति एवं दुर्ग एक्सप्रेस सलेमपुर एवं बिल्थरा रोड पर ठहराव किए जाने का कार्य।
2. मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर अंतर्गत सलेमपुर रेलवे स्टेशन एवं बिल्थरा रोड रेलवे स्टेशनों पर विश्रामालय बनाने का कार्य।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर):** अध्यक्ष महोदय, आगामी सप्ताह की संसदीय कार्य सूची में निम्न विषयों को सम्मिलित किया जाए --

1. राजस्थान में उर्वरक और बिजली की समस्या गम्भीर है।

अध्यक्ष महोदय, इस पर होने वाली चर्चा आपने पांच दिसम्बर तक के लिए पोस्टपोन कर दी, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

2. राष्ट्रीय राजमार्ग जिसकी घोषणा दिल्ली से जयपुर 6 लेन बनाने की की गई थी, उसका निर्माण कार्य शीघ्र चालू किया जाए।

वित्त मंत्री जी ने भी अपने बजट भाषण में इस बारे में कहा था। दिल्ली-जयपुर हाईवे अभी फोर लेन है, लेकिन जयपुर से दिल्ली अब भी जल्दी नहीं पहुंच सकते, करीब पांच घंटे लग जाते हैं। इसलिए इसके सिक्स लेन के कार्य को चालू किया जाए। दूसरी बात यह है कि यह हाईवे टोल रोड है और टोल टैक्स आफिस बना हुआ है। उसमें आज से ही बस के लिए टोल टैक्स 240 रुपए के बजाय 400 रुपए कर दिया है। इसी तरह से कारों आदि के लिए 55 रुपए से बढ़ाकर 75 रुपए टोल टैक्स कर दिया गया है और हैवी व्हीकल्स के लिए 850 रुपए तक टोल टैक्स कर दिया गया है। यह बढ़ोत्तरी चार गुना कर दी गई है। इस पर भी सरकार को विचार करना चाहिए और टोल टैक्स को कम करना चाहिए। दिल्ली से जब जयपुर जाते हैं तो जयपुर से पहले यह टोल टैक्स आफिस पड़ता है। उसके लिए मैंने यह निवेदन किया है।

**11.57 hrs.**